nt>

Title: Need to provide relief to the victims of land sliding in Chamoli, Uttaranchal.

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूडी (गढ़वाल) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र की ओर दोबारा दिलाना चाहता हूं। तीन दिन पहले यह क्षेत्र प्राकृतिक आपदा से ग्रसित हुआ है। श्रीबद्रीनाथ धाम यात्रा मार्ग संख्या 58 पर प्राकृतिक आपदा की वजह से जान व माल की क्षति हुई है। ऐसा बताया जाता है कि 30-40 लोगों की मृत्यु भी हो गई है और बहुत सारी गाड़ियां नदी में बह गई हैं तथा 500 मीटर का यह राजमार्ग पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। करीब तीन से पांच हजार लोग तीन दिन पहले बद्रीनाथ में फंसे हुए थे, जिनको अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

MR. SPEAKER: Please be brief so that I can accommodate others. You have made a very important point.

MAJ. GEN. (RETD.) B. C. KHANDURI : I have just started, Sir. Let me say something.

MR. SPEAKER: Please continue.

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूडी : महोदय, सात तारीख को मैंने पूरा विवरण प्रधान मंत्री जी के पास लिख कर दिया है, लेकिन अभी तक उनकी तरफ से कोई सूचना नहीं मिली है, लेकिन वहां पर कार्यवाही शुरु हुई है। मैंने तीन बातें उनके ध्यान में लाईं थीं। पहली, जो लोग वहां फंसे हुए हैं, उनको निकालने की व्यवस्था होनी चाहिए। दूसरी, बहुत बड़ी संख्या में जो लोग घायल हुए हैं, उनको अस्पतालों में भेजने की व्यवस्था की जाए। तीसरी, जिन लोगों की मृत्यु हुई है, उनको मुआवजा दिया जाए और चौथी बात, जो सबसे महत्वपूर्ण बात है, राट्रीय राजमार्ग संख्या 58 का रख-रखाव केन्द्र के अधीन है, इसको दोबारा ठीक करने के लिए तुरन्त कार्रवाई की जाए, ताकि यात्रा पुनः शुरु हो सके। अभी कहा गया है कि 20 दिनों के लिए यात्रा बन्द कर दी गई है, लेकिन काफी लोग यात्रा के लिए जाना चाहते हैं, जो इधर फंसे हुए हैं। मेरा केन्द्रीय सरकार से आग्रह है कि राजमार्ग के निर्माण के लिए जल्दी से जल्दी धन आबंटित किया जाए। इस सड़क का रख-रखाव बार्डर सिक्योरिटी आर्गेनिजेशन द्वारा किया जाता है। इस आर्गेनिजेशन को धन आबंटित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि सड़क ठीक करके यात्रा पुनः प्रारम्भ की जा सके।

श्री बचीसिंह रावत बचदा (अल्मोड़ा) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने माननीय सदस्य के कथन से सम्बद्ध करते हुए, बताना चाहता हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र अल्मोड़ा में भी इसी प्रकार की एक घटना घटित हुई है, जिसमें 31 लोगों की मृत्यु हुई है। इस बारे में मैंने प्रधान मत्री जी को पत्र लिखकर राहत की मांग की है। मेरा अनुरोध है कि दोनों समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्काल राहत प्रदान की जाए।